

# मिशन 3 डी का असर, सादगीपूर्ण शादी बनी मिसाल

**बड़वानी, ( नवभारत )।** मिशन 3डी (दहेज, दारू, डीजे मुक्त अभियान) लगातार सकारात्मक परिणाम दे रहा है। इस मुहिम के प्रभाव से थाना पाटी अंतर्गत ग्राम सावरियापानी में एक परिवार द्वारा सादगीपूर्ण एवं कुरीतिमुक्त विवाह संपन्न कर समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया गया। अभियान को पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिलेभर में संचालित किया जा रहा है।



### पेश की अनूठी मिसाल

ग्राम सावरियापानी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता हरसिंह जमरे ने 5 अप्रैल को थाना पाटी क्षेत्र के ग्राम सागबारा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम से प्रेरणा लेते हुए अपनी पुत्री का विवाह मिशन 3डी के सिद्धांतों के अनुरूप संपन्न किया। उन्होंने दहेज प्रथा का पूर्णतः त्याग किया, शादी को पूर्णतः नशामुक्त (दारू मुक्त) रखा। डीजे का उपयोग नहीं कर ध्वनि प्रदूषण एवं फिजूलखर्ची से बचाव किया। इस पहल ने समाज में सकारात्मक संदेश देते हुए सादगीपूर्ण विवाह की एक नई दिशा प्रस्तुत की।

### पुलिस ने किया सम्मान

इस सराहनीय कार्य की जानकारी मिलने पर एसपी के निर्देशन में एएसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी बड़वानी/डीएसपी (मुख्यालय) महेश सुनैया, थाना प्रभारी पाटी उनि रामदास यादव एवं थाना पाटी तथा चौकी बोकराटा पुलिस स्टॉफ ग्राम सावरियापानी पहुंचे। जहां सामाजिक कार्यकर्ता हरसिंह जमरे एवं उनके परिवार का सार्वजनिक रूप से पुष्पमाला, शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बड़वानी पुलिस ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे भी हरसिंह जमरे की तरह इस मुहिम से जुड़े।

### सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पुलिस सख्त

वहीं दूसरी ओर जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण एवं आमजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार सख्त एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन तथा एएसपी धीरज बब्बर के मार्गदर्शन में थाना यातायात द्वारा 25 अप्रैल को शहर में विशेष यातायात जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके तहत कारंजा चौराहा एवं अंजड़ नाका क्षेत्र में दोपहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों को हैलमेट एवं सीट बेल्ट पहनने के लिए समझाईश दी गई।

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे प्रदेश स्तरीय विशेष अभियान 26 अप्रैल से 10 मई 2026 के तहत रेवा सर्किल पर सघन वाहन चेकिंग की गई। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 24 चालान बनाए गए तथा 9700 समन शुल्क वसूल किया गया।

**पुलिस ने आमजनों से की अपील**

यातायात थाना टीम जिले में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्रवाई कर रही है। आमजनों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हैलमेट एवं सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करें तथा स्वयं एवं परिवार की सुरक्षा करें। कार्रवाई में यातायात प्रभारी सूबेदार रजनी भार्गव, सउनि जगदीश बसाले, प्रआर रविन्द्र, आर दिलीप, राजवीर, अर्जुन एवं अनिल की भूमिका रही।



# महिला और बालिकाओं को किया जागरूक

**बड़वानी, ( नवभारत )।** एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में सामुदायिक पुलिसिंग एवं महिला सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए रक्षा सखी अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत महिला थाना पुलिस द्वारा कन्या अजा सीनियर छात्रावास, कन्या महाविद्यालय छात्रावास, कन्या उत्कृष्ट छात्रावास की बालिकाओं के लिए सामूहिक रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में छात्राओं को घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना महिला सम्बंधी अपराधों, साइबर अपराध एवं महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों के संबंध में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सुनीता मुजाल्दा एवं उपनिरीक्षक रचना तोमर ने जानकारी दी।

छात्राओं को आत्मरक्षा, जागरूकता एवं पुलिस सहायता के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में मप्रआर आशा डुडवे व करीब 50 छात्राएं उपस्थित रही। महिला थाना पुलिस द्वारा छात्राओं को जागरूक कर उन्हें सुरक्षित एवं सशक्त बनाने का संदेश दिया गया।

# प्राचीन मंदिर में तोड़फोड़, मूर्तियों के साथ अभद्रता पर तनाव

▶ मामले में चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

**सेंधवा, ( नवभारत )।** वरला थाना क्षेत्र के राजनगांव में प्राचीन मरी माता-भैरव मंदिर में तोड़फोड़ और मूर्तियों के साथ अभद्रता की घटना सामने आने के बाद रविवार को गांव में तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रविवार सुबह ग्रामीणों ने जब मंदिर परिसर के बाहर मूर्तियों को क्षतिग्रस्त अवस्था में देखा, तो बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। ग्रामीणों के अनुसार मंदिर में स्थापित मूर्तियों को नुकसान पहुंचाया गया और माता की मूर्ति के वस्त्र फाड़ दिए। घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार और थाना प्रभारी नारायण रावल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।



ग्रामीणों ने वरला थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कुछ बाहरी लोगों की गतिविधियों पर संदेह जताया है। साथ ही पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं होने का उल्लेख किया गया है। थाना प्रभारी नारायण रावल ने बताया कि शिकायत के आधार पर गांव के चार लोगों लच्छा पिता बगजियाए संजय पिता बुलियाए नीरज पिता विक्रम और सेवला पिता जामा के खिलाफविभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है और क्षेत्र में निगरानी रखी जा रही है।

**पुलिस रख रही निगरानी**

थाना प्रभारी नारायण रावल ने बताया कि शिकायत पर गांव के चार लोगों लच्छा पिता बगजिया, संजय पिता बुलिया, नीरज पिता विक्रम और सेवला पिता जामा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है व निगरानी रखी जा रही है।

# शितोले जिलाध्यक्ष, कुंवर जिलामंत्री नियुक्त

**पानसेमल, ( नवभारत )।** विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ एवं सक्रिय भाजपा नेता राजेंद्र शितोले को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का जिलाध्यक्ष तथा नगर के पूर्व पार्षद व वरिष्ठ नेता बापू कुंवर को अजा मोर्चा का जिला मंत्री नियुक्त किया है। नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में खुशी का माहौल है। विधायक कार्यालय पर दोनों पदाधिकारियों का स्वागत किया।



बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर विधायक श्याम बरडे, वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने राजेंद्र शितोले एवं बापू कुंवर का स्वागत कर मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। खेतिया, जलगोन एवं पानसेमल मंडल के पदाधिकारी, पंच-सरपंच, जनपद सदस्य, पार्षद एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाइ देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी।

विधायक श्याम बरडे ने कहा कि राजेंद्र शितोले के नेतृत्व में किसान मोर्चा जिले में नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगा। कार्यकर्ता उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर किसानों की आवाज को मजबूत करेंगे और सरकार की जनहितकारी योजनाओं को ग्राम-ग्राम तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। जिला महामंत्री सचिन चौहान एवं वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि कार्यकर्ता मिलकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान नप उपाध्यक्ष साहेबराव चौधरी, पार्षद सलोनी राणा, मंडल अध्यक्ष रामचंद्र सोनीस, चंद्रकांत महाजन, चेनसिंह गदरे, वरिष्ठ नेता गोविंद जोशी, नंदकिशोर चोपड़ा, इस्माइल आजाद, हितेंद्र हरसोला, डॉ दीपक भंवर, पंडित माली, प्रकाश जोशी, राजू वाघ सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विद्यावती महाजन के नेत्रदान कराए

**बड़वानी।** रोटरी क्लब बड़वानी के पूर्व अध्यक्ष संजय महाजन एवं समाजसेवी आशीष महाजन की माता एवं अर्थव महाजन की दादी विद्यावती महाजन के निधन पर सफलाम सेवा न्यास इंदौर के वीरेंद्र जैन ने नेत्रदान के लिए कहा। जिसके बाद पुत्रों ने सामाजिक कार्यकर्ता अजित जैन को नेत्रदान के लिए सूचना दी और डॉ पहाड़िया एवं निशा रंदा ने पहुंचकर नेत्रदान सम्पन्न कराया तथा कॉर्निया निकालकर एमकेआई इंटरनेशनल बैंक इंदौर पहुंचाया। रोटरी क्लब सचिव ललित जैन ने परिजनों से नेत्रदान का सहमति पत्र भराया। नेत्रदान कराने वाले महाजन परिवार का रोटरी क्लब एवं भाजपा जिला मंत्री रवींद्र कुलकर्णी ने आभार व्यक्त किया।



## एक नजर में

### धार जिले में राज्य सेवा और राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 शांतिपूर्ण संपन्न

**धार।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 आज 26 अप्रैल 2026 को धार जिला मुख्यालय पर अत्यंत गरिमापूर्ण, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा के सफल और सुचारू संचालन की निगरानी हेतु विशेष रूप से नियुक्त संभागीय पर्यवेक्षक श्री शिवनारायण रूपला, सेवानिवृत्त द्वारा जिला स्तर पर निर्धारित सभी 14 परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा के संचालन और व्यवस्थाओं को पूर्णतः सुचारू और संतोषजनक पाया। जिला परीक्षा प्रभारी एवं डिप्टी कलेक्टर आशा परमार ने परीक्षा के आंकड़ों की जानकारी देते हुए बताया कि धार जिला मुख्यालय पर बनाए गए 14 केंद्रों पर कुल 4340 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। परीक्षा के प्रथम सत्र में 3295 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 1045 अनुपस्थित रहे, वहीं द्वितीय सत्र में 3261 परीक्षार्थी उपस्थित और 1079 अनुपस्थित दर्ज किए गए। परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित समस्त परीक्षार्थियों का शत-प्रतिशत बायोमेट्रिक सत्यापन किया गया। उल्लेखनीय है कि परीक्षा के सुव्यवस्थित आयोजन हेतु म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा 24 अप्रैल 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त केंद्राध्यक्षों एवं केंद्र पर्यवेक्षकों को कड़े दिशा-निर्देश प्रदान किए गए थे। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को परीक्षा को पूर्णतः पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से संचालित करने हेतु पाबंद किया गया था। संपूर्ण परीक्षा अवधि के दौरान जिले में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई और परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

### प्रचंड गर्मी से मनावर में जनजीवन प्रभावित

**मनावर।** सूरज के प्रचंड तेवर से प्रदेश के साथ मालवा निमाड़ की संगम स्थली मनावर नगर भी बेतहाशा तप रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री रेकॉर्ड किया गया। बताया जाता है कि खुशनुमा मौसम के लिए प्रसिद्ध मालवा भी इस बार तप रहा है कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया जबकि बेतहाशा गर्मी के लिए मशहूर निमाड़ अपनी परम्परा अनुसार अत्यधिक गर्म है। बताया जाता है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष तापमान में भीषण बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। क्षेत्र में गर्मी का प्रकोप विकराल रूप ले चुका है जो कि चिंता का विषय है। अब तक का नगर का अधिकतम तापमान 47 डिग्री का रिकॉर्ड में दर्ज है मगर इस बार वैशाख माह में सुबह से सूरज आग उगलने लग जाता है तो नौतपा रोहिणी नक्षत्र में तापमान 47 से पार जाने की प्रबल संभावना जताई जा रही है। वैशाख का महीना 03अप्रैल से शुरू होकर 01मई को समाप्त होगा। तपती गर्मी और लू के थपेड़ों के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। क्षेत्र में तापमान 41एष्ट से 43एष्ट के पार पहुँच गया है, जिससे लोग घरों में रहने को मजबूर हैं। सुबह 8-9 बजे से ही सूरज की किरणें आग बरसाने लगती हैं, जिससे दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। गर्म हवाओं (लू) ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है, जिससे कूलर-पंखे भी राहत नहीं दे पा रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन, त्वचा एलर्जी, सिरदर्द, और उल्टी-दस्त जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं। दोपहर में बाजारों में भीड़ कम हो जाती है, जिससे व्यावसायिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। इन दिनों शादी ब्याह का समय चल रहा है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भारी तादाद में शादियां हो रही है। गर्मी के कारण ब्याह की खरीददारी और रसोई कार्य, बाना और बारात में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 18 अप्रैल को जारी जिला कलेक्टर के आदेश से शासकीय अर्ध शासकीय और प्राइवेट स्कूलो का समय परिवर्तित कर सुबह 7 से 12 तो कर दिया गया मगर इन दिनों दोपहर में स्कूलों से लौटते बच्चों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। वैशाख महीना पिछले कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ रहा है। मौसम विशेषज्ञों की सलाह है कि बहुत जरूरी होने पर ही घर से निकलें, साथ में पानी रखें, और सिर को ढक कर रखें।




# पेटलावद में सटोरियों और शराब माफियाओं के हौंसले बुलंद...

## पुलिस कर रही कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति

**पेटलावद।** झाबुआ जिले के पेटलावद नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध सट्टा और शराब का कारोबार दिन-दहाड़े फल-फूल रहा है। सटोरिए और शराब माफिया बेखौफ अपना अवैध कारोबार कर रहे हैं, जबकि पुलिस की कार्रवाई महज खानापूर्ति और दिखावा बनकर रह गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि माफियाओं को कहीं न कहीं संरक्षण मिल रहा है, जिससे उनके हौंसले आसमान छू रहे हैं। पेटलावद नगर में कुछ चाय की दुकानों, शंकर मंदिर के आसपास, गांधी चौक में पशु चिकित्सालय के आसपास ओर भी कुछ स्थानों पर सटोरिए सक्रिय हैं। युवा और बेरोजगार युवक इस जाल में फंसकर तबाह हो रहे हैं। शराब की बात करें तो अवैध देशी-विदेशी शराब की सप्लाई अनवरत जारी है। जगह - जगह होटलों और ढाबों पर खुलेआम अवैध शराब परोसी जा रही है और

पुलिस कभी-कभी छोटी मछलियों को पकड़कर खबर लगवा देती है। दो-चार पेटियां शराब जब्त, कुछ सटोरियों को हिरासत में लिया, लेकिन बड़े माफिया और उनके सरगना पूरी तरह सुरक्षित हैं। हालांकि पिछले दिनों पुलिस ने एक बड़े क्रिकेट सटोरियों पर कार्रवाई जरूर की थी लेकिन आज भी कई छोटे - बड़े सटोरिए सक्रिय है और सूत्रों की माने तो पुलिस उन सटोरियों के बारे में भली - भांति जानती है। स्थानीय लोग बताते हैं, पुलिस आती है, फोटो खिंचवाती है, कुछ जब्त करती है और फिर माफिया अगले ही दिन अपना धंधा शुरू कर देते हैं। क्षेत्र के कुछ सफेदपोश और प्रभावशाली लोगों के नाम भी चर्चा में हैं, जिनके संरक्षण में यह पूरा नेटवर्क चल रहा है। क्या पेटलावद में कानून का राज सिर्फ कागजों तक सीमित है? क्या सट्टा और शराब




माफियाओं के खिलाफ असली अभियान कभी चलेगा, या यूं ही खानापूर्ति की खबरें बनती रहेंगी? जब तक बड़े माफियाओं की कमर नहीं टूटती, तब तक पेटलावद सहित पूरे क्षेत्र में युवाओं का भविष्य सट्टे और नशे की भेंट चढ़ता रहेगा। प्रशासन को अब सिर्फ दिखावा नहीं, सच्ची और सख्त कार्रवाई दिखानी होगी। जनता की मांग है की तुरंत बड़े स्तर पर संयुक्त अभियान चलाया जाए, सट्टा और शराब सप्लाई चेन पर शिकंजा कसा जाए, वरना हौंसले बुलंद माफियाओं का यह खेल और खतरनाक रूप ले सकता है। पेटलावद नगर में तो चोरों के भी होंसले बुलंद है जो दिन दहाड़े दो दिन पूर्व ही महावीर कॉलोनी से एक महिला के गले से चेन लुट कर फरार हो गए हैं और पुलिस अभी तब इन चोरों तक नहीं पहुंच पाई है। इन दिनों पुलिस की कार्य प्रणाली से आमजन अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है। अवैध कारोबार में लिप्त लोगों पर जो युवाओं का भविष्य खराब कर रहे है उन पर पुलिस की आखिर कब होगी प्रभावी कार्रवाई जिसका आमजन को इंतजार है।

## जिला जेल धार में विशेष जेल लोक अदालत और मेगा स्वास्थ्य शिविर

**धार।** उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश के आदेशानुसार जिला जेल धार में विशेष जेल लोक अदालत, मेगा स्वास्थ्य शिविर तथा चार नवीन वी.सी. कक्षों के शुभारंभ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती ममता जैन (प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, धार) की गरिमामय उपस्थिति रही। उनके साथ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती नताशा शेख पटेल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रदीप सोनी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने बंदियों को प्रेरित करते हुए कुम्हार, चिलम और सुराही का उदाहरण दिया और बताया कि मनुष्य की सोच और विचार ही उसके भविष्य की दिशा तय करते हैं। उन्होंने यह भी साझा किया कि स्वयं की गलती स्वीकारना ही जीवन की सबसे बड़ी जीत है, जिससे आपसी सहमति और सुलह के माध्यम से मामलों का निराकरण संभव होता है। विशेष लोक अदालत की कार्यवाही के दौरान कई पात्र बंदियों के प्रकरणों को चिन्हित कर विचार क्षेत्र में लिया गया, जिसमें विचाराधीन बंदी सुरेश (पिता शंकरलाल) के प्रकरण का आपसी समझौते के आधार पर निराकरण कर उन्हें जेल से रिहा किया गया। साथ ही, जेल में स्थापित चार नवीन वी.सी. कक्षों का लोकार्पण भी संपन्न हुआ। इसी क?ी में आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर में जिला चिकित्सालय और निजी अस्पतालों के विशेषज्ञों द्वारा लगभग 300 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयां वितरित की गई।

## केंद्रीय राज्य मंत्री ठाकुर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तीसगांव के नए भवन का किया लोकार्पण



▶ 1.59 करोड़ की लागत से निर्मित किया गया है नया बिल्डिंग

**धार।** ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिले के ग्राम पंचायत तीसगांव में नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का भव्य लोकार्पण संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केंद्र सरकार की महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और नए भवन का लोकार्पण किया।

इस आधुनिक सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण 1 करोड़ 59 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से किया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ठाकुर ने कहा कि यह नया भवन स्थानीय नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव, बदनावर विधायक भंवरसिंह शेखावत, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेड़ा, सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बेहतर सेवा प्रबंधन के लिए निर्देशित किया।

**एक नजर** ▶ पूरे भारत वर्ष को नक्शा प्रकल्प से जोड़ने का है लक्ष्य, राजस्थान के नोखा में नक्शा विमोचन समारोह

# श्रावक-श्राविकाओं को भक्ति के माध्यम से जोड़ने का अभिनव प्रयास

**बदनावर।** वर्तमान में प्रत्येक व्यक्ति के अंतःकरण में सेवा और भक्ति की पवित्र भावना विद्यमान है। प्रत्येक क्षेत्र के गांव, शहर, नगर में श्रावक-श्राविका विहार, विचरण संबंधी सही जानकारी के अभाव में अनेक भ्रांतियां होती है। क्षेत्र भक्ति इस अंतर्निहित भावना को सार्थक दिशा प्रदान करने का सशक्त प्रयास है। जहां प्रत्येक श्रावक-श्राविका अपने क्षेत्र से आत्मीयता पूर्वक जुड़कर अपने आसपास के विहार मार्गों की सही जानकारी प्राप्त कर अपने कर्तव्य एवं दायित्व का सहजता से निर्वहन करते हुए विहार सेवा में सहभागिता द्वारा आत्म कल्याण के पद पर आगे बढ़े।



साथ ही समाज, संगठन, सहयोग एवं जागरूकता की भावना को सुदृढ़ बना सके। प्रकल्प को मूर्तरूप देने के लिए राजस्थान के नोखा में नक्शा विमोचन समारोह आयोजित किया गया। प्रारंभ में नवकार महामंत्र की सामूहिक स्तुति की गई। उक्त समारोह संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र गांधी, सेवाभावी गुरु भक्त महेश नाहटा, पूर्व विहार संयोजक शौकीन मूणत, महिला संघ राष्ट्रीय अध्यक्षा चंचला सांखला, राष्ट्रीय मंत्री प्रीति डागा, देशनोक संघ अध्यक्ष मोतीलाल बच्चा, मंत्री निर्मल संचेती, नोखा मंडी संघ अध्यक्ष भिवराज कांकरिया, मंत्री गौतमचंद पारख, मनोज व्होरा, राजेंद्र भड़कत्या, सम्यक व्होरा एवं चहेती व्होरा आदि की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस समारोह में बदनावर एवं क्षेत्र के श्रीसंघों के पदाधिकारी एवं सदस्य भी समारोह में विशेष रूप से भाग लेने नोखा (राजस्थान) पहुंचे। समारोह में क्षेत्र भक्ति प्रकल्प के नक्शे का विमोचन राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र गांधी एवं पदाधिकारियों ने किया।

**गुरु कृपा-अथक परिश्रम से प्रकल्प कार्य हुआ**

अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी संघ द्वारा निरंतर धार्मिक क्षेत्र में सेवा समन्वय की दृष्टि से समय-समय पर नवाचार किए जाते हैं। चारित्र आत्माओं के विहार के दौरान विश्राम स्थल, निर्दोष गोचरी, अचित पानी आदि की बड़ी परेशानी होती है। इसलिए संप्रदाय से हटकर क्षेत्र भक्ति द्वारा सभी चारित्र आत्माओं स्थानकवासी, मंदिर मार्गीय, दिगंबर सभी संप्रदाय के संत सतीजी के विहार संबंधी किलो मीटर एवं जैन परिवार आदि की जानकारी का एक आकर्षक नक्शा तैयार किया गया है। इसका विमोचन आचार्यश्री रामलालजी रामेश के जन्म स्थल राजस्थान के नोखा में किया गया। अथक परिश्रम एवं गुरु कृपा से यह प्रकल्प कार्य हुआ है। इस प्रकल्प में क्षेत्र भक्ति टीम ने पूर्ण समर्पण भाव से सेवा दी हैं। इस प्रकल्प में वर्तमान में पांच राज्यों को जोड़ा गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पूरे भारतवर्ष को इस प्रकल्प से शीघ्र ही जोड़ना है।